दिन— शुक्रवार दिनांक— 22 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रावणी मेले की तैयारियों की समीक्षा की। शिवालयों में भीड़ प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।

02. राज्य सरकार विज्ञान और प्रावैधिकी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए तीन श्रेणियों में यंग प्रोफेशनल की भर्ती करेगी।

03. शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों की निगरानी और समस्याओं के समाधान के लिए पटना में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की।

04. और, मौसम विभाग ने आज अरवल, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास और बक्सर समेत दक्षिण बिहार के चौदह जिलों में लू का अलर्ट जारी किया। उत्तर बिहार में कई स्थानों पर आंधी—बारिश की सम्भावना।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रावणी मेले के दौरान शिवालयों में भीड़ प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। श्रावणी मेला की तैयारियों की समीक्षा के दौरान उन्होंने जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को कांवरिया पथ पर सभी जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था समय पर करने को कहा। मुख्यमंत्री ने पैदल पथ को व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के साथ—साथ स्वास्थ्य सुविधाएं, शौचालय, साफ—सफाई और पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। श्री चौधरी ने अधिकारियों से श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा, ताकि उन्हें जलाभिषेक के दौरान कोई परेशानी नहीं हो। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों को श्रावणी मेला की व्यवस्था के संबंध में एक विस्तृत प्रतिवेदन भी जमा करने के निर्देश दिये।

———————————————————————

राज्य सरकार विज्ञान और प्रावैधिकी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए दक्ष युवाओं की भर्ती करेगी। विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि ”यंग प्रोफेशनल चयन संबंधी नीति—2026“ के तहत विभाग तीन श्रेणियों में यंग प्रोफेशनल का चयन करेगा। यंग प्रोफेशनल का प्रारंभिक चयन दो वर्षों के लिए होगा। विभाग के कार्यक्रमों और योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए ये भर्तियां की जायेंगी।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि किसी भी कॉस्मेटिक उत्पाद का प्रयोग उपभोक्ताओं, पेशेवरों और एस्थेटिक क्लीनिकों द्वारा इंजेक्शन के रूप में करने की अनुमति नहीं है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने कहा कि कॉस्मेटिक्स का प्रयोग केवल मानव शरीर पर लगाने, छिड़कने और स्प्रे करने के लिए किया जाना चाहिए। संगठन ने कहा कि कॉस्मेटिक उत्पादों में प्रतिबंधित सामग्री का इस्तेमाल, लेबल पर गुमराह करने वाले दावे, इलाज के लिए कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल और इंजेक्शन के द्वारा कॉस्मेटिक्स का प्रयोग अधिनियम और नियमों का उल्लंघन माना जाएगा।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों की निगरानी और समस्याओं के समाधान के लिए पटना में केन्द्रीयकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की है। इस सेंटर का टोल फ्री नंबर है– एक चार चार एक सात और एक आठ शून्य शून्य तीन चार पांच चार चार एक सात। इस नम्बर के माध्यम से विद्यार्थी या अभिभावक विद्यालय से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों के नामांकन के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान की अवधि इकतीस मई तक बढ़ा दी है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इस संबंध में पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि इकतीस मई तक चलने वाले अभियान के तहत अनामांकित बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए।

———————————————————————

प्रदेश में मातृ शिशु मृत्यु दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गयी है। सैम्पल रजिस्ट्रेशन सिस्टम–एसआरएस की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र में आठ अंकों की गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार प्रति एक लाख प्रसव में महिलाओं की मृत्यु दर छियानवे रह गई है। पहले यह एक सौ चार थी। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है।

———————————————————————

रेल मंत्रालय ने रेलवे के बुनियादी ढांचे और ट्रेन संचालन को निशाना बनाकर हाल ही में हुई घटनाओं के बीच यात्रियों से यात्रा के दौरान सतर्क रहने और रेलवे परिसर में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना हेल्पलाइन नंबर– एक तीन नौ पर तुरंत देने का आग्रह किया है। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

————————————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित इस वर्ष की थीम वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य करना है। इस अवसर पर बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा राज्य की अनूठी प्राकृतिक संपदा को बचाने के संकल्प के साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि राज्य सरकार जैव विविधता संरक्षण के लिए आम लोगों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉक्टर रामचंद्र प्रसाद ने कहा कि जैव विविधता संरक्षण को व्यवहारिक रूप से प्रभावी बनाने के लिए सरकार कृत संकल्प है।

————————————————————————————

राज्य के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में मौसम के अलग–अलग मिजाज देखने को मिल रहे हैं। एक ओर दक्षिण बिहार भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं, वहीं उत्तर बिहार में अच्छी बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण बिहार में अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान चौवालीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। कैमूर का अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव चार, बक्सर का तैंतालीस दशमलव चार और औरंगाबाद का तैंतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, मौसम विभाग ने आज अरवल, भोजपुर और बक्सर में लू का अलर्ट जारी किया है। वहीं औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जिले में लू के साथ गर्म रात की भी चेतावनी जारी की गयी है। पटना सहित दक्षिण मध्य भागों के चौदह जिलों में लू जैसे हालात रहेंगे। वहीं, विभाग ने आज पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सुपौल, किशनगंज, पूर्णिया, समेत राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व जिलों में कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भावना जतायी है।

———साउंड बाईट———

————————————————————————————

भीषण गर्मी और लू को देखते हुये पटना जिला प्रशासन ने सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में वर्ग पांच तक की कक्षाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। वहीं, छठी से आठवीं तक की कक्षाएं सुबह दस बजकर तीस मिनट तक ही चलेंगी। यह आदेश सभी स्कूलों, प्री स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर छब्बीस मई तक लागू रहेगा।

————————————————————————————

राज्य में बाल श्रम के विरुद्ध चलाए जा रहे विमुक्ति अभियान के तहत पिछले दो दिनों में चौंतीस बाल श्रमिक विमुक्त कराये गए। श्रम संसाधन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस अवधि में अड़सठ जगहों पर छापेमारी की गयी। अभियान के तहत नियोजकों के खिलाफ पन्द्रह प्राथमिकी दर्ज की गई है।

———————————————————————

पटना में पिछले दिनों पच्चीस करोड़ रुपये मूल्य के स्मैक मिलने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी ऋषिकेश क्रांतिकारक को रांची से गिरफ्तार किया है। आरोपी पूर्व में बिहार पुलिस में सिपाही रह चुका है। वह नालंदा जिले के दीपनगर नगवां गांव का रहने वाला है।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के कन्हौली थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, जिले के बोखरा थाना क्षेत्र के बुधनगरा गांव में एक युवक की पीट–पीट कर हत्या का मामला सामने आया है।

———————————————————————

बांका सिविल कोर्ट परिसर से दो कैदी चकमा देकर पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गए। इस मामले में बांका थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

———————————————————————

पूर्णिया जिले के बायसी थाना क्षेत्र के गांगर पंचायत के गुहास में स्नान के दौरान चार किशोर महानंदा नदी में डूब गए। गोताखोरों के प्रयास से एक बालक का शव बरामद कर लिया गया है जबकि तीन अन्य की तलाश जारी है। वहीं, समस्तीपुर जिले के वारिसनगर थाना क्षेत्र के शादीपुर बथनाहा गांव में पानी भरे गड्ढे में नहाने के दौरान डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई।

———————————————————————

मधुबनी जिले के बाबूबरही थाना क्षेत्र के दोनवारी गांव में पुलिसने एक युवक को दो पिस्तौल और एक सौ ग्राम मादक पदार्थ ब्राउन शुगर समेत अन्य आपत्तिजनक सामानों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के सासाराम में दो दिवसीय शेरशाह सूरी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से न्यू स्टेडियम फैजलगंज में आयोजित इस महोत्सव में लोक संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————

अररिया जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने विद्युत ट्रांसफार्मर और वाहनों से तेल चोरी करनेवाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार सौ लीटर डीजल और ट्रांसफार्मर का बीस लीटर तेल जब्त किया गया है।

———————————————————————

कटिहार जिले के बरारी में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के तहत पुलिस ने सोलह हाईवा और एक पोकलेन मशीन को जब्त किया है। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पिछले चार दिनों में अलग–अलग स्थानों पर कार्रवाई के दौरान एक करोड रुपए से अधिक की जुर्माना राशि वसूली गई है।

———————————————————————

नक्सल मुक्त मुंगेर जिले के सवासिन पहाड़ के जंगलों में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने दो देशी बंदूक और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट संदीप कुमार ने बताया कि नक्सल गतिविधियों पर पूरी तरह विराम सुनिश्चित करने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं।

———————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में आज सनराइजर्स हैदराबाद का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। यह मैच हैदराबाद में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। वहीं, कल खेले गये मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को नवासी रनों से हरा दिया। इसके साथ ही चेन्नई की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– पुलवामा हमले का सूत्रधार आतंकी हमजा बुरहान पीओके में मारा गया।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पुलिस को चैलेंज करने वालों को उसी की भाषा में अड़तालीस घंटे के अंदर मिलेगा जवाब– मुख्यमंत्री।

दैनिक जागरण ने कोलकाता हाई कोर्ट के एक फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बकरीद पर पशुओं की कुर्बानी इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– कैंसर के इलाज के लिए दिल्ली–मुम्बई की दौड़ नहीं, बिहार के तीन अस्पतालों के लिए छह करोड़ का प्रोजेक्ट मंजूर।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– एक साल बाद सुधा दूध दो रूपये हुआ महंगा।

आज अखबार लिखता है– मंत्रियों के साथ पीएम मोदी की महाबैठक। मिडिल–ईस्ट संकट पर चर्चा।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रावणी मेले की तैयारियों की समीक्षा की। शिवालयों में भीड़ प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के दिये निर्देश।

02. राज्य सरकार विज्ञान और प्रावैधिकी कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिए तीन श्रेणियों में यंग प्रोफेशनल की भर्ती करेगी।

03. शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों की निगरानी और समस्याओं के समाधान के लिए पटना में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की।

04. और, मौसम विभाग ने आज अरवल, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास और बक्सर समेत दक्षिण बिहार के चौदह जिलों में लू का अलर्ट जारी किया। उत्तर बिहार में कई स्थानों पर आंधी–बारिश की सम्भावना।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।